# जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी

## 55 हजार को मिलेगा रोजगार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण नीति-2020 में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे को इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया है। यहां आगामी पांच वर्षों में 20 हजार करोड़ का निवेश होगा और करीब 40 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेस-वे पर जेवर एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रॉनिक सिटी और बुंदेलखंड में रक्षा इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। वहीं सरकार ने बजट में लखनऊ एयरपोर्ट के सामने नादरगंज 40 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी कॉम्प्लेक्स के निर्माण की घोषणा की है। यहां देश का सबसे बड़ा इन्क्यूबेशन सेंटर भी बनेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 200 करोड़ रुपये के निवेश से आईटी पार्क बनेंगे। इनमें 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। ब्यूरो